हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 17 अगस्त 2026

06 जिले में जगह-जगह मनाया स्वतंत्रता दिवस आजादी...



09 कुबेरेश्वरधाम में भक्तों की भीड़ के चलते 19 अगस्त...







खबर संक्षेप

आज निकलेगी सिद्धेश्वर बाबा की पालकी यात्रा

सीहोर। सावन मास के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर श्री सिद्धेश्वर महादेव की भव्य पालकी यात्रा आज 17 अगस्त, सोमवार को दोपहर 2 बजे स्थानीय कोतवाली चौराहे से श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रारंभ होगी। पालकी यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मनकामेश्वर मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान मनकामेश्वर महादेव की आरती की जाएगी। इसके पश्चात यात्रा पुनः मुख्य मार्ग से होते हुए कोतवाली चौराहा स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंचेगी। यहां बाबा की आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ पालकी यात्रा का समापन होगा। पालकी यात्रा समिति के संस्थापक किशोर कौशल एवं अध्यक्ष विपुल चांडक ने बताया कि यात्रा को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। इस वर्ष भी भगवान सिद्धेश्वर महादेव की मनमोहक एवं भव्य पालकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बाबा के दर्शन करने और धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

21 से अधिक नदियों के जल से किया अभिषेक

सीहोर। सावन मास के पावन अवसर पर रविवार को शहर के कोलीपुरा स्थित प्राचीन सिद्धपीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर से भगवान शिव की भव्य पालकी कांवड़ यात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे मार्ग में हर-हर महादेव के जयघोष से वातावरण शिवमय हो गया।श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर से भगवान शिव को आकर्षक पालकी में विराजमान कर श्रद्धालु शहर की जीवनदायिनी मां सीवन नदी के तट पर पहुंचे। यहां संत माधवदास महाराज सहित समाजसेवी श्रीमती रेखा राय, सुनील राय, मनोज दीक्षित मामा, सोनू केवट, कार्तिक गोगिया, दुर्गेश यादव, बाबू, रोहित सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस दौरान संत और श्रद्धालुओं ने यात्रा में अहम भूमिका निभाने वाले कार्तिक गोगिया, भजन मंडल के दुर्गेश यादव और बाबू, आयुष गुप्ता आदि का स्वागत और सम्मान किया गया। कार्यक्रम में बाबू सतेन्द्र राय, लक्की सौलंकी, दीपक सौलंकी, राजा सौलंकी, कपिल, लल्लू, गुल माला, कृष्णकांत, गोदवारी, विष्णु बाई, गंगा यादव, प्रियंका, आशीष यादव, सुमीत कुशवाहा, गगन कुशवाहा, आनंद कुशवाहा, वंश आदि शामिल थे।

खेलवाल जांगड़ा ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

सीहोर। जांगड़ा महासभा ने आष्टा तहसील के सक्रिय समाजसेवी सरपंच जितेंद्र खेलवाल बेदाखेडी को तहसील ब्लाक अध्यक्ष मनोनीत किया। समाज जनों की मांग और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यों की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश बांधेवाल ने सरपंच जितेन्द्र खेलवाल को मनोनीत कर नियुक्ति पत्र प्रदान किया। नियुक्ति के बाद खेलवाल ने कहा कि जांगड़ा समाज के हर व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है और हर तरह के सुख-दुख में उनके साथ खड़े होना है संगठन को मजबूत बनाना है जांगड़ा समाज को उन्नति प्रगतिशील बनाना ही लक्ष्य है। आष्टा जांगड़ा महासभा समिति के सावंत सिंह अस्थाया, धूल सिंह जाटव, हेमराज सिंह प्रलातीया मुग़ली, जितेन्द्र रैकवाल, देवेंद्र दंगोलिया ,जीवन सिंह ठेकेदार आदि ने बधाई दी।

80वें स्वतंत्रता दिवस पर जिले भर में शान से लहराया तिरंगा, ग्रामीण क्षेत्रों में निकाली प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम किए

जिले में जगह-जगह मनाया स्वतंत्रता दिवस आजादी का पर्व, ध्वजारोहरण कर दी सलामी

विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रभावशाली भाषण, देशभक्ति गीत-संगीत तथा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीरों और राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर/ भैरुंदा/इछावर/आष्ट/कोठरी

आजादी के 80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को भैरुंदा नगर सहित पूरे तहसील क्षेत्र में राष्ट्रभक्ति और उत्साह का माहौल रहा। सुबह से ही नगर की गलियां देशभक्ति गीतों और नारों से गूंज उठीं। सरकारी एवं निजी संस्थानों, शिक्षण संस्थाओं, बाजारों और प्रमुख स्थानों पर तिरंगा शान से लहराया। जगह-जगह आयोजित कार्यक्रमों में स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को नमन करते हुए राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकाली। 'वंदे मातरम', 'भारत माता की जय' और 'जय जवान, जय किसान' के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा। बड़ी संख्या में विद्यार्थी, शिक्षक और नागरिक प्रभात फेरी में शामिल हुए।

गांधी चौक पर नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर ने फहराया तिरंगा:नगर का मुख्य स्वतंत्रता दिवस समारोह गांधी चौक, छोटा बाजार में आयोजित किया गया। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आजादी का पर्व हमें उन वीरों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है, जिनके संघर्ष के कारण देश स्वतंत्र हुआ।

नपा उपाध्यक्ष प्रतिभा मकवाना का संदेश—समृद्ध शहर से बनेगा आत्मनिर्भर भारत : नगर परिषद कार्यालय में उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगर के नागरिक मौजूद रहे। ध्वजारोहण के बाद सभी ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन किया।

एसडीएम ने मुख्यालय कृषि उपज मंडी व उपजेल पर किया ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भैरुंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने मुख्यालय, कृषि उपज मंडी और उपजेल में ध्वजारोहण किया। उन्होंने क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश की आजादी अनेक वीरों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। इसलिए प्रत्येक नागरिक को अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन करते हुए देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने में योगदान देना चाहिए।

स्कूलों में हुए रंगारंग कार्यक्रम : नगर के शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में भी स्वतंत्रता दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। सांदीपन विद्यालय सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और अन्य रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए।



भैरुंदा। नगर परिषद कार्यालय पर उपाध्यक्ष प्रतिभा रितेश मकवाना ने ध्वजारोहण किया।



भैरुंदा। नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर ने गांधी चौक पर ध्वजारोहण किया।



भैरुंदा। एसडीएम सुधीर कुशवाह ने कृषि उपज मंडी में ध्वजारोहण किया।



ग्राम पंचायतों में लहराया तिरंगा



खाचरोद। 80वा स्वतंत्रता दिवस का पर्व पर खाचरोद, खामखेड़ा, रोलागांव, रामपुरा, सिंगारचोरी, जस्सुपुरा, बड़खोला, पगारिया, बड़घाटी, किल्लौद, कन्नौज शिवाजी, नौगांव, बापचा के शासकीय वा अर्ध शासकीय स्कूलों में झंडा फहराया गया व प्रभात फेरी निकाली गई। इसी के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। सभी ग्राम पंचायतों में सरपंचों द्वारा ध्वजारोहण किया गया वा मिठाइयां बाटी गई। इस मौके पर ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट, रामपुरा पंचायत सरपंच महेंद्र सिंह ठाकुर दरबार, आवलीखेड़ा पंचायत सरपंच सियाराम, सिंगारचोरी पंचायत सरपंच छुट्टू पटेल, जस्सुपुरा पंचायत सरपंच डॉ इदरीस खान, खामखेड़ा जत्रा पंचायत सरपंच प्रेम नारायण वर्मा, रोलागांव पंचायत सरपंच धर्मेंद्र धनगर, छापर पंचायत सरपंच ज्ञान सिंह वर्मा, किल्लौद पंचायत सरपंच दिलीप सिंह आंवले, लासूडलिया पंचायत सरपंच अकिला राजेश सोलंकी, देवन खेड़ी पंचायत सरपंच विक्रम सिंह, कन्नौज शिवाजी पंचायत सरपंच लक्ष्मी नारायण पाटीदार, पगारिया पंचायत सरपंच अकरम खान, नौगांव पंचायत सरपंच सोबल सिंह ठाकुर, बड़खोला पंचायत सरपंच रमेश देवड़ा, बड़घाटी पंचायत सरपंच अके सिंह ठाकुर, सरपच बापचा बारामत लोकेंद्र सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया व स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह और धूमधाम से मनाया , गूंजें देशभक्ति के तराने



इछावर दौलतपुर आयुष आरोग्य मंदिर में ध्वजारोहण किया गया।

इछावर। शनिवार को स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व नगर सहित संपूर्ण क्षेत्र में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान निजी संस्थाओं सहित सभी सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। आलम यह रहा कि संपूर्ण क्षेत्र आजादी के जश्न में डूबा हुआ दिखाई दिया। आजादी की 80 वी वर्षगांठ पर नगर के संदीपनी विद्यालय परिसर में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां जनपद पंचायत अध्यक्ष रेखा जगदीश पटेल ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत , सामूहिक नृत्य आदि की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। नपं कार्यालय में अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा ने ध्वजारोहण किया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने भी ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें अध्यक्ष बलवान पटेल ने कार्यालय पर तिरंगा झंडे का रोहण किया गया। अंचल की ग्राम पंचायतों में भी आजादी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। पंचायत कार्यालयों में सरपंच द्वारा ध्वजारोहण किया गया।



इछावर। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बलवान पटेल द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस ने किया ध्वजारोहण, प्रदेश अध्यक्ष के संदेश का किया वाचन

बुधनी। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कांग्रेस कार्यालय पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सोनू राजपूत ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी। इसके बाद उन्होंने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन किया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता छगनलाल दुबे, तारिक पटेल, पूर्व पार्षद कंचन शर्मा, अजय यादव,संजय शर्मा, किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरीश मीणा, पीली करार मंडलम अध्यक्ष हरीश मालवीय, हरिशंकर चौहान, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ दुबे, ओपी मालवीय, प्रमोद चौहान, गिरीश पांडे,कपिल मल्होत्रा,रिंकू दुबे, प्रेम वर्मा,हेमंत वर्मा, राजीव दुबे, बृजलाल बानिया, बालवीर चौहान सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देशभक्ति व उल्लास के साथ मना स्वतंत्रता दिवस



आष्टा। देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रप्रेम, उत्साह और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहादुर सिंह सेंधव,ज्ञानसिंह ठाकुर, विद्यालय निदेशक ध्रुव कुमार तिवारी, सैयद परवेज़ अली, पायल अली एवं सैयद आदिल अली ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या वंदना जॉर्ज ने की। समारोह का शुभारंभ ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत प्रभावशाली भाषण, देशभक्ति गीत-संगीत तथा मनमोहक सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीरों और राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। विद्यार्थियों की जोशीली और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों, अभिभावकों एवं दर्शकों का मन मोह लिया तथा पूरा परिसर देशभक्ति के भाव से सराबोर हो उठा।

स्वतंत्रता की 80वीं वर्षगांठ पर मार्टिनेट में शान से लहराया तिरंगा, तिरंगे को दी सलामी



आष्टा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण मे ध्वजारोहण संचालक नौशे खान, प्रबंधक विनीत कुमार त्रिवेदी एवं स्थानीय नेता राशिद खान की उपस्थिति मे विद्यालय की कक्षा 10 की मेरिट की छात्रा सानिया मंसुरी द्वारा किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान संपन्न हुआ तथा तिरंगे को सलामी दी गई। मुख्य अतिथि के रूप मे नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद रवि शर्मा, वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद डॉ. सलीम खान, तथा वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद कमलेश जैन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों के साथ प्राचार्या प्रीति त्रिवेदी, उपप्राचार्या शिखा तिवारी, तथा प्रबंधक मण्डल से रेखा शर्मा, अतुल जैन सुराणा, कुशल भूतिया, राखी यादव, एवं रचना ठाकुर के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षिकाओं रिनू भदौरिया, सोनाली सोनी, स्वर्णलता नामदेव, सोनू सिसौदिया, वैष्णवी बैरागी, नाजिया खान, किरण मण्डलोई, ललिता नामदेव, ज्योति सिसौदिया, सलोनी बिल्लौरे, प्रियंका वर्मा, प्रियंका ठाकुर, सविता ठाकुर, शर्मिला जायसवाल, भूमिका सौलंकी, रीना जावारिया, दीपिका जायसवाल, संजना मीणा, साक्षी अजनोदिया, शुभी जैन, सोनू भूतिया, रागिनी नामदेव, निधी नामदेव, आफरीन मसर्रत, रूबीशना खान, उमा मेवाड़ा, ज्योति वर्मा, तमन्ना वर्मा, राजामनी शर्मा, रूशदा अंसारी, उर्मिला जायसवाल, सरोज सेन, हिमांक नामदेव, जकी मंसुरी, सुल्तान अली, जी.डी. बैरागी, अशोक महेश्वरी, चिराग सोनी, शिवाय बैरागी, नईम खान, हेमन्त पाण्डे, की उपस्थिति रही।



बड़े हर्षोल्लास से कोठरी में मनाया स्वतंत्रता दिवस



कोठरी। नगर परिषद कोठरी में देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रभक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही नगर का माहौल देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया। शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति नारों के साथ प्रभात फेरी निकाली। मुख्य कार्यक्रम में विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने सर्वप्रथम जिला सहकारी बैंक कोठरी में ध्वजारोहण किया। इसके बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तथा नगर परिषद कोठरी कार्यालय में भी ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। दुग्ध उत्पादक सहकारी द संस्था कोठरी में संस्था अध्यक्ष भोपाल सिंह मंडलोई द्वारा ध्वजारोहण किया गया। संस्था के पदाधिकारियों एवं किसानों ने राष्ट्रगान का सामूहिक गायन कर देश के वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित किसानों एवं नागरिकों को मिठाई वितरित की गई।

स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर दिखा देशभक्ति का जज्बा

विद्यार्थियों ने बनाई चलित अशोक चक्र की आकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्वतंत्रता दिवस के पूर्व दिवस पर शुक्रवार को सुशीला हायर सेकेंडरी स्कूल, बागेर में देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। स्वतंत्रता पर्व के उपलक्ष्य में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक विशाल मानव श्रृंखला बनाकर 'भारत चलित अशोक चक्र' की आकर्षक और नयनाभिराम आकृति बनाई। यह प्रेरणादायी कार्यक्रम विद्यालय के मार्गदर्शक श्री अशोक परमार सर के कुशल मार्गदर्शन में एवं प्राचार्या रानू परमार, प्रबंधक राजेश परमार, नरेंद्र परमार सर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में रोशनी शर्मा, अर्जुन सिंह ठाकुर, दिनेश बैरागी, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, नीरज शर्मा, हरि प्रसाद प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, विजेंद्र नायक, वीरेंद्र चौहान, के डी बैरागी, जावेद खान, रश्मि माथुर, मोनिका जैन, भावना दुबे, सरिता दुबे, रानी यादव, पूजा परमार, भारती माहेश्वरी, अंशिका शर्मा, शाजिया शेख, दीपा शर्मा, नीलांशी शर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल में मनाया स्वतंत्रता दिवस



आष्टा। सुभाष नगर वार्ड क्रमांक 15 स्थित संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस अत्यंत हर्षोल्लास, धूमधाम और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। विद्यालय के डायरेक्टर व प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम ने सभी के दिलों में देशभक्ति की अलख जगा दी। गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति-स्वतंत्रता दिवस के इस विशेष अवसर पर क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी दादा दयालु कैलाश सोनी और पत्रकार सुशील संचेती मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों का विद्यालय परिवार द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम विश्वकर्मा को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

गांव बमुलिया रायमल की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम विश्वकर्मा को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर विभागीय योजनाओं के संचालन में उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर एवं कलेक्टर बालागुरू के द्वारा सम्मानित किया गया और प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर महीला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई।

खबर संक्षेप

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन 12 सूत्रीय मांगों को लेकर 18 को सौंपेंगे ज्ञापन

सीहोर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुंदरलाल राठौर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रांताध्यक्ष श्याम जोशी, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष एच.पी. उरमलिया, एल.एन. कैलाशिया के निर्देशानुसार उप प्रांताध्यक्ष के.एल. बैरागी, संरक्षकगण डॉ. साधुराम शर्मा, पं. राममूर्ति शर्मा, हरिओम शर्मा दाऊ की अध्यक्षता में 18 अगस्त को सुबह 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर प्रमुख सचिव व मुख्यमंत्री के नाम 12 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे। इस मौके पर पेंशनर्स साथियों से अधिक से अधिक संख्या में कलेक्ट्रेट परिसर में उपस्थित होने की अपील की गई है। अपील करने वालों में प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष सिद्धु सिंह ठाकुर, एल.एस. सेन, महामंत्री नर्बदा प्रसाद खरे, शंकरलाल शर्मा, कोषाध्यक्ष लखनलाल सेन, कार्यालय सचिव चन्दरसिंह ठाकुर, प्रचार सचिव भगवानदास प्रजापति, के.के. झमटानी, मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी, विधि सलाहकार विश्वनाथ शर्मा (एड.) सहित कार्यकारिणी सदस्य सुरेश कुमार श्रीवास्तव, भगवती प्रसाद शर्मा, प्रहलाद सिंह ठाकुर, भगतजी, मुन्ने भाई, राजेन्द्र गांधी, बी.एस. तोमर, मुरली शर्मा, महेश आर्य, दीनदयाल शंखवार, मुन्नालाल प्रजापति, सुधीर दुबे, विजय सिंह बिसौरिया, दिनेश जोशी, दिलीप राठौर, हेमन्त वल्लभ दुबे, प्रकाश देवगड़े, बेनी प्रसाद कुशवाह, अशोक कुमार दुबे आदि शामिल रहे।

कांग्रेसजनों ने कांवड़ यात्रियों और बच्चों को वितरित किए तिरंगे

सीहोर। स्वतंत्रता दिवस पर सीहोर नगर में शिवभक्ति और देशप्रेम के संगम का अनोखा नजारा देखने को मिला, जब कांग्रेसजनों ने स्थानीय भोपाल नाका पर कांवड़ यात्रियों और बच्चों को तिरंगा झंडा का वितरण किया। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी उनके और कांग्रेस नेता अरुण मालवीय के द्वारा भोपाल नाका क्षेत्र में तिरंगा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों सहित सभी लोगों को तिरंगे का निःशुल्क वितरण किया जा रहा था और इसी दौरान वहां कांवड़ यात्रियों के पहुंचने से माहौल देशभक्तिपूर्ण हो गया।

रविवार को बड़ी संख्या में धाम पर दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु, पूजा-अर्चना कर भगवान का किया जलाभिषेक

कुबेरेश्वरधाम में भक्तों की भीड़ के चलते 19 अगस्त से रुद्राक्ष वितरण बंद, आज निकलेगी कांवड़ा यात्रा

सोमवार शाम 5 बजे सीवन तट से निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा, इंदौर का श्याम बैंड, भजन मंडल और तीन से अधिक झांकियां रहेंगी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सावन मास में कुबेरेश्वरधाम पर श्रद्धालुओं की बढ़ती भीड़ के बीच व्यवस्थाओं को लेकर समिति और प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शहर के सीवन नदी तट से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक इन दिनों हर तरफ शिवभक्ति का नजारा दिखाई दे रहा है। श्रद्धालु नंगे पैर कंधे पर कांवड़ लेकर करीब 11 किलोमीटर का सफर तय कर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। रविवार को भी एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने कुबेरेश्वरधाम पहुंचकर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की।

वहीं, श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए 19 अगस्त से रुद्राक्ष वितरण आगामी निर्देश तक अस्थायी रूप से बंद रखने का निर्णय लिया गया है। समिति के अनुसार यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुविधा और भीड़ प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

आज शाम 5 बजे निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा

सावन के तीसरे सोमवार को शहर में भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। विठलेश सेवा समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि सोमवार शाम 5 बजे सीवन नदी के तट से कुबेरेश्वरधाम तक कांवड़ यात्रा निकलेगी। यात्रा में इंदौर का प्रसिद्ध श्याम बैंड-बाजा, भजन-कीर्तन मंडल और तीन से अधिक आकर्षक झांकियां शामिल होंगी। इसके चलते कांवड़ यात्रा श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। यात्रा में बड़ी संख्या में शिवभक्तों के शामिल होने की संभावना है।

सीवन से धाम तक सेवा पंडाल, प्रसादी की व्यवस्था : कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए शहर से लेकर कुबेरेश्वरधाम तक विभिन्न स्थानों पर सेवा पंडाल लगाए जाएंगे। इन पंडालों पर श्रद्धालुओं को प्रसादी सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। सामाजिक संगठनों और सेवाभावी कार्यकर्ताओं ने भी कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए तैयारियां की हैं। रविवार को नीमच और देवास सहित अन्य क्षेत्रों से श्रद्धालु पैदल कांवड़ लेकर कुबेरेश्वरधाम पहुंचे। नीमच से जल लेकर आए दो दर्जन से अधिक युवाओं का विठलेश सेवा समिति की ओर से पंडित विनय मिश्रा और पंडित समीर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने बताया कि वे पिछले दो वर्षों से कुबेरेश्वरधाम आ रहे हैं। इस बार भी कई दिनों का पैदल सफर तय कर वे सीवन नदी से जल लेकर धाम पहुंचे।

पंडित प्रदीप मिश्रा बोले-शिव पर भरोसा कभी खाली नहीं जाता

अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने सावन में भगवान शिव को जल अर्पित करने के महत्व पर संदेश देते हुए कहा कि भगवान शिव पर किया गया विश्वास कभी खाली नहीं जाता। उन्होंने श्रद्धालुओं से आस्था और विश्वास के साथ भगवान शिव की आराधना करने का आह्वान किया।

रुद्राक्ष वितरण बंद, यातायात और चिकित्सा व्यवस्था पर जोर

समिति के अनुसार आगामी दिनों में लाखों श्रद्धालुओं के कुबेरेश्वरधाम पहुंचने का अनुमान है। इसी को देखते हुए पंडित प्रदीप मिश्रा के निर्देश पर 19 अगस्त से रुद्राक्ष वितरण अस्थायी रूप से बंद किया गया है। वितरण आगामी निर्देश तक बंद रहेगा। वहीं प्रशासन और समिति द्वारा श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए यातायात, चिकित्सा, पार्किंग और अन्य व्यवस्थाओं को व्यवस्थित किया जा रहा है, ताकि कांवड़ यात्रा और धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

जिला कांग्रेस कार्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

सीहोर। 80वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय, न्यू बस स्टैंड सीहोर में ध्वजारोहण कार्यक्रम देशभक्ति और उत्साह के वातावरण में आयोजित किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने गौरवशाली तिरंगा फहराकर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।



ध्वजारोहण के उपरांत उपस्थित कांग्रेसजनों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम एवं राष्ट्रगान का सस्वर गान कर मातृभूमि को नमन किया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों एवं राष्ट्रनिर्माताओं के योगदान को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता के प्रति संकल्प व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के प्रेरणादायक एवं प्रगतिशील संदेश का वाचन वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम दीप राठौर ने लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए कांग्रेस निरंतर संघर्ष करती रहेगी। प्रदेश में भ्रष्टाचार को लेकर पटवारी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था में भ्रष्टाचार व्याप्त है। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था के लिए सड़क से लेकर विधानसभा तक संघर्ष को और तेज करने का आह्वान किया। युवाओं के लिए रोजगार, किसानों की समृद्धि और सामाजिक न्याय को कांग्रेस के संघर्ष का प्रमुख मुद्दा बताते हुए कहा कि इन विषयों को लेकर पार्टी लगातार जनता के बीच आवाज उठाती रहेगी। संगठन को मजबूत करने पर जोर देते हुए आगामी समय में वरिष्ठ नेताओं के अनुभव और युवा कार्यकर्ताओं की ऊर्जा को साथ लेकर कांग्रेस को और मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बुधनी, विजयपुर और दतिया के मतदाताओं एवं कार्यकर्ताओं का भी हालिया राजनीतिक घटनाक्रमों और चुनावों में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

सीवन नदी से जल भरकर बाबा केदारनाथ धाम पहुंचे श्रद्धालु, किया भोले का अभिषेक

सीहोर। सावन मास के पावन अवसर पर श्री माधव महाकाल आश्रम आरोग्य आश्रम के तत्वावधान में कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। धर्मरक्षक संत श्री श्री 108 काटारे बाबा जी के आशीर्वाद एवं कथाव्यास, परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितराम पाठक के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

सीहोर की पावन सीवन नदी से श्रद्धालुओं ने कांवड़ में जल भरकर बाबा केदारनाथ को अर्पित किया। संत-महात्माओं, साधु-संतों सहित हजारों शिवभक्तों, मातृशक्ति एवं महिला मंडलों की श्रद्धालुजन ने बाबा केदारनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। जल अर्पण के बाद श्रद्धालुओं ने अमृत कुंड से जल ग्रहण किया और अपने-अपने घरों के लिए रवाना हुए।

हर-हर महादेव के जयघोष से गूंजा क्षेत्र : कांवड़ यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गूंजता रहा। यात्रा में सीहोर विधायक सुदेश राय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, जसपाल सिंह अरोड़ा, प्रीतम सांखला, संध्या बजाज, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष दीपक शर्मा, राजेश मोहन, मनोज जैन सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए। युवा क्रांतिकारी संत पंडित मोहितराम जी पाठक के साथ बड़ी संख्या में युवा श्रद्धालु भी यात्रा में शामिल रहे। अयोध्या, लखनऊ, छत्तीसगढ़, नागपुर, भोपाल, इंदौर, शुजालपुर, महेश्वर सहित दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु सीहोर पहुंचे और बाबा केदारनाथ को पवित्र जल अर्पित किया।




हजारों कांवड़ियों ने ग्रहण किया प्रसाद : आयोजन स्थल पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें हजारों कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के माध्यम से सनातन संस्कृति, सेवा, धर्म एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। श्री माधव महाकाल आश्रम की ओर से तुलसीराम परमार ने बताया कि श्रावण माह के धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी रहेगी। आगामी 17 अगस्त को रात 8 बजे भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आग्रह किया गया है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं एवं कांवड़ यात्रियों का स्वागत करते हुए पवित्र सीवन नदी की स्वच्छता और पवित्रता बनाए रखने की अपील की। आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी दिया गया।











संकलनकर्ता अर्जुन पंवार भैरूंदा मो. 9753444578







